फार्म नं.– III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

न्यायालय जिला कलक्टर मुकाम अनूपगढ़

कालूराम बनाम सचिव, ग्रा.पं. 2 एमएलडी(ए) आदि

अन्तर्गत धारा 97(3) राज.पंचायतराज अधिनियम नम्बर.........01.........सन् 2023

जी.सी.एम.एस. आईडी :2023/..1..............

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी किये गये
18.08.2023	प्रार्थी कालूराम की ओर से श्री नरेन्द्र चुघ अधिवक्ता ने निगरानी मय प्रार्थना पत्र अन्तर्गत दफा 5 मियाद अधि., 96 सीपीसी पेश की। अधिवक्ता निगरानीकर्ता की एडमिशन बहस सुनी गयी। अधिवक्ता निगरानीकर्ता को निगरानी के साथ प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर सुना गया। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र 96 सीपीसी का प्रस्तुत कर निवेदन किया हैं कि अप्रार्थी सं. 1 द्वारा अप्रार्थी सं. 2 के नाम से जारी विवादित पट्टे जारी करने के कार्यवाही में प्रार्थी पक्षकार नहीं था, जबकि भूखण्ड पर प्रार्थी का 25 वर्षों से कब्जा चला आ रहा हैं। प्रार्थी प्रभावित पक्षकार हैं, निगारानी पेश करने की अनुमति देने हेतु निवेदन किया। पत्रावली का अवलोकन किया। प्रस्तुत दस्तोवजों के के आधार पर प्रार्थना पत्र 96 सीपीसी का स्वीकार कर अपीलांट को अपील प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाती हैं। प्रार्थी प्रार्थना पत्र दफा 5 मियाद अधिनियम मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया हैं कि प्रार्थी अवसादग्रस्त था, चलने फिरने में असमर्थ होने के कारण अब स्वस्थ होते ही बिना किसी देरी के इल्म से इन्दर मियाद पेश हैं। निगारानी प्रस्तुत करने में हुई देरी सद्भाविक हैं। निगरानी प्रस्तुत करने में हुई देरी को क्षमा कर निगारानी अंदर मियाद स्वीकार करने हेतु निवेदन किया। मियाद के बिन्दू पर निर्णय उभयपक्ष को पर्याप्त सुनवाई का अवसर प्रदान कर किया जाना उचित हैं। अतः प्रार्थना पत्र पर निर्णय सुरक्षित रखा जाता हैं। निगरानी दर्ज रजिस्टर हो। अप्रार्थीगण को जरिए नोटिस तलब किया जावे। पत्रावली दिनांक 04..09.2023 को पेश हो। जिला कलक्टर अनूपगढ	
04.09.2023	पत्रावली पेश हुई। कार्यविभाजन आदेश रीडर/2023/01 दिनांक 28.08.2023 के अनुसार उक्त प्रकरण अतिरिक्त जिला कलक्टर अनूपगढ़ के क्षेत्राधिकार का होने के कारण पत्रावली अति. जिला कलक्टर, अनूपगढ़ को प्रेषित की जावे। जिला कलक्टर अनूपगढ	

Signature Not Verified

Digitally signed by Avdhesh Meena
Date: 2024.05.13 17:40:43 IST
Reason: SelfAttested

कार्यालय जिला कलक्टर अनूपगढ़

क्रमांक/रीडर/2023/ 18 दिनांक : 13/9/2023

अतिरिक्त जिला कलक्टर
अनूपगढ़

विषय :— प्र.सं. 01/2023 कालूराम बनाम सचिव ग्रा.पं. 2 एमएलडी(ए) निगरानी अन्तर्गत धारा 97(3) राज. पंचायतराज अधिनियम

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख हैं कि विषयवर्णित उक्त अनवान की पत्रावली कार्य विभाजन आदेश क्रमांक/रीडर/2023/01 दिनांक 28.08.2023 के तहत आपके क्षेत्राधिकार की होन के कारण मूल ही इस पत्र के संलग्न कर प्रेषित हैं।

1. **प्र.सं. 01/2023 कालूराम बनाम सचिव ग्रा.पं. 2 एमएलडी(ए) निगरानी अन्तर्गत धारा 97(3) राज. पंचायतराज अधिनियम**

संलग्न :— उपर्युक्तानुसार।

(कल्पना अग्रवाल)
आई.ए.एस.
जिला कलक्टर
अनूपगढ़

Signature Not Verified

Digitally signed by Avdhesh Meena
Date: 2024.05.13 17:40:43 IST
Reason: SelfAttested